जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदय, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनांक 08.02.2023 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक– 187 / JJM-3 / 39 दिनांक 08/02/2023

जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन, नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0दे0–95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ लखनऊ दिनांक 21 जनवरी, 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगणनात्मक स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–5–2010–20 स्वजल/2010(टी0सी0–अ), दिनांक 29 नवम्बर 2019 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित "पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक दिनांक 08.02.2023 को आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण उपस्थित पंजिका मे अकिंत है। **(संलग्नक–1)**

**(1.) डी0पी0आर0 विरचन कार्यः–**

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य सचिव खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) फर्रूखाबाद द्वारा अवगत कराया गया है कि जल जीवन मिशन फेज–3 के अन्तर्गत "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" लखनऊ द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति हेतु चयनित फर्म मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजीनियर्स लि0 नोएडा द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊद्वारा दिये गये निर्देशानुसार जनपद फर्रूखाबाद के 13 राजस्व ग्रामों के 09 नग पेयजल योजनओं के प्राक्कलन प्रस्तुत किये गये थे, जिसमे योजनावार हर घर जल योजनान्तर्गत नलकूप, पम्पहाउस, अवर जलाशय, राईजिंगमेन, वितरण प्रणाली, सोलर प्लान्ट एवं गृह संयोजन इत्यादि का प्राविधान किया गया है। अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य (सचिव), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण फर्रूखाबाद द्वारा सहायक अभियन्ता के माध्यम से परीक्षणोपरान्त 13 राजस्व ग्रामों के 09 नग नये पेयजल योजनाओं के प्राक्कलनो (जिनकी लागत रू0 05 करोड़ से कम है) को मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) कानपुर द्वारा 13 राजस्व ग्रामों की 09 नग प्राक्कलनों की तकनीकी स्वीकृति पत्रांक 246/डब्लू–4/27 दिनांक 31.01.2023 द्वारा प्रदान की गयी है तथा उक्त वर्णित कुल 09 नग प्राक्कलनों का विवरण निम्नवत् हैः–

| S.No. | Block | Name of Scheme | Total No. of GP | Total No. of Rev. Vill. | Estimated Cost (Rs. in Lakh) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KAYAMGANJ | JOURA | 1 | 1 | 283.48 |
| 2 | KAYAMGANJ | HOTEPUR | 1 | 3 | 299.45 |
| 3 | SHAMSABAD | GADIYA HAIBATPUR | 1 | 1 | 278.33 |
| 4 | RAJEPUR | RATANPUR PAMARAN | 1 | 1 | 192.47 |
| 5 | KAYAMGANJ | MEERPUR KAMRUDIN NAGAR | 1 | 2 | 261.46 |
| 6 | SHAMSABAD | BEHTABALLU | 1 | 1 | 200.26 |
| 7 | KAYAMGANJ | LAKHAN PUR | 1 | 2 | 391.66 |
| 8 | KAMALGANJ | BAJHERA MALIK PATTI | 1 | 1 | 189.59 |
| 9 | KAMALGANJ | SHARFUDDIN PUR | 1 | 1 | 177.98 |
| | | Total | 9 | 13 | 2274.68 |

साथ ही यह भी अवगत कराया गया है कि जनपद फर्रूखाबाद में फेज–3 के अन्तर्गत 08 राजस्व ग्रामों के 04 नग पेयजल योजनओं के प्राक्कलन प्रस्तुत किये गये थे, जिसमे योजनावार हर घर जल योजनान्तर्गत नलकूप, पम्पहाउस, अवर जलाशय, राईजिंगमेन, वितरण प्रणाली, सोलर प्लान्ट एवं गृह

Scanned with OKEN Scanner

...इत्यादि का प्राविधान किया गया है। अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य (सचिव), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण फर्रूखाबाद द्वारा सहायक अभियन्ता के माध्यम से परीक्षणोपरान्त 08 राजस्व ग्रामों के 04 नग नये पेयजल योजनाओं के प्राक्कलनो (जिनकी लागत रू0 05 करोड़ से अधिक हैं), को डा0 प्रदीप कुमार प्रोफेसर डिपार्टमेन्ट आफ सिविल इंजीनिरिंग एच0बी0टी0यू0 कानपुर ने अपने पत्रांक 882--L/CE/2022-23 दिनांक 28.01.2023 एवं 895--A/CE/2022-23 दिनांक 03.02.2023 के द्वारा वैटिंग की गई है। उक्त प्राक्कलनों को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में समिति के सदस्यों के समक्ष अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित की गयी। उक्त वर्णित 04 नग प्राक्कलनों का विवरण निम्नवत् है:-

| S.No. | District | Block | Name of Scheme | Total No. of GP | Total No. of Rev. Vill. | Estimated Cost (Rs. in Lakh) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Farrukhabad | BARAHPUR | KHAN PUR | 1 | 1 | 692.93 |
| 2 | Farrukhabad | KAMALGANJ | CHANDANPUR & MAKRAND NAGAR BASAHA | 2 | 4 | 508.23 |
| 3 | Farrukhabad | KAMALGANJ | RAJEPUR SARAIMEDA | 1 | 1 | 627.33 |
| 4 | Farrukhabad | KAYAMGANJ | KATIYA | 1 | 2 | 506.98 |
| Total | | | | 5 | 8 | 2335.47 |

उक्त प्राक्कलनों को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा प्राक्कलनों का विस्तृत अध्ययन उपरान्त 05 करोड़ से कम लागत के 09 नग प्राक्कलनों की स्वीकृति प्रदान की गई तथा 05 करोड़ से अधिक लागत के 04 नग प्राक्कलनों को संस्तुति सहित अग्रसारित करने का निर्णय लिया गया एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को स्वीकृति एवं धनावंटन हेतु संस्तुति सहित प्रेषित करने का निर्णय लिया गया है।

**(2.) नलकूप रिबोर कराने हेतुः-**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराना है कि रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत 04 नग योजनाओं के 05 नलकूप का विद्युत यांत्रिक का परीक्षण पत्र संख्या 91/डब्ल्यू-17/09 दिनांक 13.01.2023 द्वारा कराया गया है जिसमें पाया गया कि योजनाएँ रिबोर कराने हेतु है। योजनाओं के प्राक्कलन भी प्रस्तुत कर दिये गये है साथ ही यह अवगत कराया गया है कि 01 नग को कम्प्रेशर एवं ओ0पी0 यूनिट द्वारा विकास कराने की आवश्यकता है तथा रेट्रोफिटिंग के प्राक्कलनों में इन नलकूप का रिबोर कार्य एवं विकास कार्य प्रस्तावित नही था। जिसके फलस्वरूप समिति द्वारा उक्त प्राक्कलनो को स्वीकृति एवं धनावंटन हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | स्थिति | Total No. of GP | Total No. of Rev. Vill. | Estimated Cost (Rs. in Lakh) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भुवनपुर ताजपुर | 01 नग नलकूप रिबोर हेतु | 1 | 2 | 37.20 |
| 2 | लीलापुर उधरनपुर | 01 नग नलकूप रिबोर हेतु | 1 | 1 | 39.19 |
| 3 | बुढनामऊ | 02 नग नलकूप रिबोर हेतु | 1 | 1 | 78.83 |
| 4 | खण्डौली | 01 नग नलकूप रिबोर हेतु | 1 | 1 | 37.20 |
| 5 | हैवतपुर गडिया | कम्प्रेशर एवं ओ0पी0 यूनिट द्वारा विकास कार्य हेतु | 2 | 3 | 06.03 |
| **Total** | | | **6** | **8** | **198.45** |

धन्यबाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति
फर्रूखाबाद

Scanned with OKEN Scanner

...सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ
2. अधिशासी निदेशक "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) किसान बाजार विभूती खण्ड, गोमती नगर लखनऊ।
3. मुख्य विकास अधिकारी फर्रूखाबाद
4. मुख्य चिकित्सा अधिकारी फर्रूखाबाद।
5. जिला प्रभागीय वन अधिकारी फर्रूखाबाद।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी फर्रूखाबाद।
7. जिला विकास अधिकारी फर्रूखाबाद।
8. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण फर्रूखाबाद।
9. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फर्रूखाबाद।
10. अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, फर्रूखाबाद।
11. जिला कृषि अधिकारी, फर्रूखाबाद।
12. जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, फर्रूखाबाद।
13. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद।
14. सहायक अभियन्ता लघु सिचाई विभाग फर्रूखाबाद।
15. वी0टी0एल0 गजा इंजीनियर्स प्रा0लि0 जे0वी0 नोएडा।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति
फर्रूखाबाद